सांध्य दैनिक
इंदौर, गुरुवार
1

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 243 | इंदौर, गुरुवार 14 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. CAA: सीएए पर केजरीवाल के बयान को लेकर बवाल, सीएम के घर के बाहर शरणार्थियों ने किया विरोध प्रदर्शन
2. CAA: 'सीएए कभी वापस नहीं होगा..', इंटरव्यू में बोले अमित शाह - हम इस पर कोई समझौता नहीं करेंगे

### → इंडस्ट्री हाउस अग्निकांड - मेंटनेंस में लापरवाही या साजिश ...

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट का मुख्य कार्यालय भी आग में हुआ खाक

## एसी डक्ट में स्पार्किंग की संभावना ...जबकि ऑफिस तीन दिन से था बंद

## बिल्डिंग का फायर सेफ्टी सिस्टम पूरी तरह से खराब

## आग लगने पर न तो अलार्म बजा, न ही पाइप से पानी फेंका जा सका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बुधवार की शाम शहर के एबी रोड स्थित इंडस्ट्रीज हाउस में भीषण आग लगने की घटना से हडक़ंप मच गया। इस आग में डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट समाचार पत्र का आफिस भी आग की चपेट में आ गया। इस भीषण अग्निकांड में बिल्डिंग मेंटनेंस में लापरवाही भी सामने आई है, वहीं आग को लेकर साजिश का भी शक है। हालांकि यह पुलिस पूरा सच पुलिस की जांच में उजागर होगा। फिलहाल तो आग में किन कारणों से लगी और इसमें कितना नुकसान हुआ है इसका आंकलन किया जा रहा है, लेकिन बिल्डिंग मेंटनेंस की अनेक खामियां इस अग्निकांड में उजागर हो गई है, जो यह बताता है कि यदि समय रहते रेस्क्यू टीम लोगों की जान नहीं बचाती तो बड़ी जनहानि हो सकती थी।





फायर ब्रिगेड एसपी शशिकांत कनकने ने बताया कि इंडस्ट्री हाउस की चौथी मंजिल पर डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट का आफिस तीन दिन से बंद होने की जानकारी सामने आई है। यहां एसी डक्ट में स्पार्किंग के बाद आग फैली और बिजली के तारों का संपर्क होने के बाद आग ने धीरे-धीरे फैलते हुए भीषण रूप ले लिया, जिससे कई आफिस चपेट में आ गए और यहां पर काम करने वाले लोग ऊपर की मंजिलों पर फंस गए।

**तीसरे और 8 वें फ्लोर की सीढ़ियों को प्लाय से बंद कर रखा था**

इंडस्ट्री हाउए बिल्डिंग 27 साल पुरानी है। इस बिल्डिंग में जहां नीचे की ओर बैंक संचालित होता है तो वहीं उपर की मंजिलों पर कई कंपनियों के आफिस हैं। कुछ लोगों का कहना है कि बिल्डिंग का मेंटनेंस नहीं किया जाता है। कई बार शिकायत के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। कल हुई घटना में इस बात का पता चला कि बिल्डिंग का फायर सेफ्टी सिस्टम पूरी तरह से खराब था। आग लगने पर न तो अलार्म बजा, न ही पाइप से पानी फेंका जा सका। वेंटिलेशन तक नहीं था। तीसरे और 8 वें फ्लोर की सीढ़ियों को प्लाय से बंद कर रखा था।

### दिवारें तक हो गई गर्म

शुरुआत चौथी मंजिल के डिटेक्टिव आफिस से हुई, लेकिन बाद में तीसरे और पांचवीं मंजिल के आफिस भी चपेट में आ गए थे। आग इतनी भीषण थी कि अंदर की दीवारें तक गर्म हो गई। फायरकर्मियों ने करीब एक घंटे तक पानी डाला और दीवारों को ठंडा किया। बाद में एयरपोर्ट अथारिटी से बात कर जेट प्रेशर वाहन बुलाया गया।

### फोरेंसिक एक्सपर्ट करेंगे जांच

पुलिस ने इमारत को सील कर दिया। गुरुवार को एमपीईबी, फोरेंसिक एक्सपर्ट और पुलिस टीम जांच करेगी। एसपी (फायर) शशिकांत कनकने से मुताबिक घटना गंभीर है। फायर सेफ्टी और आग के कारणों की पड़ताल की जाएगी।

### →सीढ़ियों पर धुआं और अंधेरा

घटना के दौरान इमारत के अग्निशमन उपकरण काम नहीं आए और इमारत के पास बने निजी अस्पताल से पाइप डालकर आग बुझाने की कोशिश की गई। फर्नीचर के कारण आग नियंत्रण से बाहर हो चुकी थी। युवक-युवतियां पांचवीं और सातवीं मंजिल पर ही रुक गए। सीढ़ियों पर धुआं और अंधेरा हो चुका था। कई का दम घुटने लगा तो एक-दूसरे को ढांढस बंधाया और रूमाल गीला कर मुंह पर बांधा। दो युवक तो इतना घबराए कि पांचवीं मंजिल से खिडक़ी तोडक़र पाइप और लोहे की सीढ़ियों के सहारे नीचे उतर गए। युवकों ने पुलिसकर्मियों को बताया अंदर करीब सौ लोग फंसे हैं। फायरकर्मियों के आने पर लोग खिड़कियों से झांक कर मदद मांगते रहे।

### →हैवी ट्रैफिक का करना पड़ा सामना

उधर, रोजर फायर पेंथर फायर सर्विस के सीनियर मैनेजर पीयूष यादव ने कहा रास्ते में हैवी ट्रैफिक का सामना करना पड़ा। सायरन बजाते रहे लेकिन जनता सुनने का नाम नहीं ले रही थी। साइड देने की बजाय बार बार पीछे पलट-पलट कर देखते रहे कि क्या हो रहा है।

# शंकर लालवानी को दूसरी बार मौका

## →चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में देखी लिस्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बीजेपी ने इंदौर लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद शंकर लालवानी को दूसरी बार उम्मीदवार घोषित किया है। बुधवार शाम बीजेपी द्वारा लोकसभा उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की गई। जब लिस्ट जारी हुई तो शंकर लालवानी जावरा कंपाउंड स्थित बीजेपी कार्यालय पर ही मौजूद थे। यहीं पर लोकसभा चुनाव के लिए कार्यालय बनाया गया है। मुख्यमंत्री इसी का उद्घाटन करने आए थे।**

मंच पर मुख्यमंत्री मोहन यादव के आने का इंतजार कर रहे थे। इस बीच जब मीडिया ने उन्हें बताया कि आपका नाम की घोषणा हो गई है तो उन्हें विश्वास नहीं हुआ। मोबाइल में उन्हें लिस्ट दिखाई गई तो देखकर बोले कि लिस्ट कहीं फेक तो नहीं।

बाद में अन्य लोगों ने भी जब उन्हें बताया की लिस्ट आ गई है तब उन्हें भरोसा हुआ। बता दें बता दे इंदौर का टिकट बीजेपी ने होल्ड कर दिया था। इस पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर से केंद्रीय मंत्री के लड़ने के भी संकेत दिए थे। महिला टिकट की भी बात हो रही थी। लेकिन आखिरकार सांसद शंकर लालवानी को ही पार्टी ने प्रत्याशी घोषित कर दिया। लिस्ट जारी होने के कुछ देर बाद ही सीएम मोहन यादव बीजेपी कार्यालय पहुंचे उन्होने ने कहा कि शंकर लालवानीजी के लिए जोरदार ताली बजाओ। अगर कार्यालय उद्घाटन में प्रत्याशी की घोषणा नहीं होती तो अखरता।

इस पर शंकर लालवानी बोले की मैं नरेंद्र मोदी जी सहित सभी कार्यकर्ताओं आभार व्यक्त करता हूं। इस बार पिछली बार से अधिक मतों से चुनाव जीत, मोदी जी के हाथ मजबूत करेंगे।



# औद्योगिक और असंगठित श्रमिकों को 25 प्रतिशत अधिक मजदूरी मिलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। औद्योगिक और असंगठित श्रमिकों को एक अप्रैल से 25 प्रतिशत अधिक मजदूरी मिलेगी। इसके लिए प्रदेश सरकार ने आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश एक अप्रैल से लागू होगा। बता दें कि 2014 के बाद प्रदेश में पहली बार मजदूरों का मजदूरी का पुनरीक्षण किया गया है।

जानकारी के अनुसार, प्रचलित न्यूनतम वेतन की दरों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। नई न्यूनतम वेतन दरों के प्रभावशील होने पर अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 9 हजार 575 रुपये प्रतिमाह हो जाएगा। इसी तरह अर्द्धकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 10 हजार 571 रुपये प्रतिमाह होगा। कुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 12 हजार 294 जबकि उच्च कुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 13 हजार 919 रुपये प्रतिमाह हो जाएगा। श्रमिकों की वेतन दरें लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा निर्मित औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जनवरी 2019 से जून 2019 के आंकड़ों के औसत पर आधारित है। इसके साथ ही कृषि श्रमिकों को देय प्रचलित न्यूनतम वेतन की दरों में 25 प्रतिशत की वृद्धि तथा लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा निर्मित अखिल भारतीय कृषि श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के औसत के आधार पर एक अक्टूबर 2019 से देय परिवर्तनशील महंगाई भत्ते को न्यूनतम वेतन में जोड़कर नई न्यूनतम वेतन दरें निर्धारित की गई है।नई न्यूनतम वेतन दरों के प्रभावशील होने पर खेती किसानी से जुड़े मजदूरों को न्यूनतम वेतन 7 हजार 660 रुपये प्रतिमाह मिलने लगेगा। इसी प्रकार बीड़ी श्रमिकों एवं अगरबत्ती श्रमिकों के वेतन में भी देय प्रचलित न्यूनतम वेतन की दरों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# दो दिवसीय परिचय सम्मेलन 4 मई से

### मप्र अग्रसेन सभा व महाराजा अग्रसेन सभा का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा एवं महाराजा अग्रसेन सभा की मेजबानी में इंदौर में दो दिवसीय उच्च शिक्षित युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 4 एवं 5 मई को राजीव गांधी चौराहा स्थित मीरा गार्डन पर आयोजित किया जाएगा। परिचय सम्मेलन में प्रविष्टियां आने का दौर भी शुरू हो चुका है। सभा द्वारा अभिभावकों की सुविधा के लिए अलग-अलग शहरों में प्रविष्टियां प्राप्त एवं जमा करने के लिए केंद्र भी बनाए हैं वहीं प्रविष्टियां सोशल मीडिया से भी मान्य की जा रही है। परिचय सम्मेलन में 2 हजार से अधिक प्रविष्टियां आने की संभावना है।**

मध्यप्रदेश अग्रसेन सभा एवं महाराज अग्रसेन सभा संरक्षक गोविंद गोयल, विष्णु बिंदल (भोपाल), डॉ. महेश गुप्ता एवं अध्यक्ष पूनम गर्ग ने बताया कि सभा द्वारा आयोजित दो दिवसीय परिचय सम्मेलन का यह 13वां वर्ष हैं। सभा द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन में इंदौर सहित अन्य राज्यों के प्रत्याशियों की 350 से अधिक प्रविष्टियां भी प्राप्त हो चुकी हैं। परिचय सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा एक बहुरंगी स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। जिसमें अग्रवाल समाज के उच्च शिक्षित युवक-युवती की फोटोमय जानकारी उपलब्ध रहेगी। परिचय सम्मेलन के लिए इंदौर सहित अन्य राज्यों में भी केंद्र बनाकर सभा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। महासभा ने पालकों की सुविधा के लिए परिचय सम्मेलन की प्रविष्टियां सोशल मीडिया पर भेजने के लिए मोबाइल नंबर भी जारी किया है। सभा के पास बी.काम, बीबीए, एमबीए, बीसीए, एम.काम, एम.फील, बीएड, एमएड़, सीएस, सीए जैसी उच्च शिक्षित प्रविष्टियां प्राप्त हुई है वहीं अन्य प्रोफेशनल एवं प्रशासनिक सेवा में कार्यरत प्रत्याशियों ने भी अपना पंजीयन परिचय सम्मेलन में करवाया है।

### बैठकों का दौर जारी

राजेंद्र गर्ग ने बताया कि दो दिवसीय परिचय सम्मेलन के लिए सभा द्वारा बैठकों का दौर जारी है। परिचय सम्मेलन में सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी जा रही है। असावा चैंबर में नियमित रूप से आयोजित बैठक के दौरान सभी पदाधिकारी अपने सुझाव भी दे रहे हैं। बैठक के दौरान महावीर गर्ग, अजय अग्रवाल, हरिश्चंद अग्रवाल, गयाप्रसाद तायल, रमेश तायल, विजय बाबु बसंल, डॉ. राकेश गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, रामपिपालिया, ओम जिन्दल, दीपेश अग्रवाल, शिवनारायण अग्रवाल, वीरेन्द्र गुप्ता, नरेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मदनलाल गोयल, रमेश गुप्ता, आर एस गोयल, सुरेश गुप्ता, ओमप्रकाश गर्ग, राजकुमार अग्रवाल सहित महिला सभा की पुष्पा ऐरन, चंचल अग्रवाल, प्रज्ञा निलेश अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, ऊर्मिला महावीर गर्ग, ज्योति अग्रवाल, भावना अग्रवाल विद्या जैन, सरोज अग्रवाल, नीलम धानुका, संदीपा-सुनील अग्रवाल मौजूद थे।

### अखिल भारतीय श्वेतांबर जैन महिला संघ का आयोजन ...

# गांधी हाल प्रांगण में सुगंधित फूलों की सौगात रोज गार्डन के रूप में समर्पित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अखिल भारतीय श्वेतांबर जैन महिला संघ इंदौर द्वारा गांधी हॉल में रोज गार्डन लोकार्पण बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में देश के विशिष्ट नागरिकों और जैन समाज के अतिथियों के साथ संपन्न हुआ। अध्यक्ष शकुंतला पावेचा ने स्वागत उद्बोधन करते हुए कहा कि प्रभु हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें।**

संस्थापक अध्यक्ष रेखा ने रोज गार्डन की जानकारी देते हुए कहा कि जिस शहर ने हमें खूबसूरत जिंदगी दी है, उस शहर को हम सुंदर और सुगंधित फूलों की सौगात रोज गार्डन के रूप में दे रहे हैं। इस मौके पर महापौर ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि बहुत ही अच्छी शुरूआत हुई है, दूसरी ओर संस्था भी इससे प्रेरित होकर बहुत सारे शहर के लिए अच्छे प्रयास कर सकती है। जैसे इंदौर के मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार होना बहुत जरूरी है। इस मौके पर सांसद शंकर लालवानी ने महिला संघ की प्रशंसा की और आश्वासन देते हुए कहा कि भविष्य में भी महिला संघ को जो भी जरूरत होगी, उसके लिए सदैव तैयार रहूंगा।

विधायक गोलू शुक्ला ने गार्डन का जायजा लेते हुए आश्वासित किया कि इसकी मेंटिनेंस में जो भी संभव हो सकेगा सहयोग राशि प्रदान करेंगे। अशोक सोजातीया, विमल घोड़ावत, नवीन भंसाली, दिलीप जैन, वीरेंद्रकुमार जैन और समाज के कई गणमान्य नागरिक, अतिथि उपस्थित थे। रोज गार्डन की डिजाइन और प्लानिंग आर्किटेक्ट रूपल संघवी और लैंडस्केप नीलम मित्तल ने की। संचालन सोनम कोठारी और विजया जैन ने किया। आभार सरिता बोडाना ने माना।




# पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष बीजेपी में शामिल

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने दिलाई जया तिवारी को सदस्यता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष जया तिवारी बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। उन्हें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद वीडी शर्मा ने सदस्यता दिलाई। इससे पहले इंदौर के संजय शुक्ला और विशाल पटेल बीजेपी का दामन थाम चुके हैं। वहीं कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी कुछ और कांग्रेसियों के भी बीजेपी में शामिल होने के संकेत दे चुके हैं। बुधवार को भोपाल के भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, प्रदेश के केबिनेट मंत्री नागेंद्र सिंह चौहान, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू ने जया तिवारी को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता दिलाई। श्रीमती तिवारी इंदौर में पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष रह चुकी हैं और काफी समय से महिला कांग्रेस में सक्रिय थी। अब उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया है।

श्रीमती तिवारी ने कहा कि अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण जब कांग्रेस ने ठुकराया तो मुझे बहुत बुरा लगा इसलिए मैने कांग्रेस छोड़ दी है। अब भाजपा में राष्ट्र सेवा के लिए कार्य करूंगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में कई भाजपा महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

# वाटरशेड परियोजना के कार्यों की समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले के महू जनपद पंचायत के अनेक क्षेत्रों में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए 4 हजार 149 हेक्टेयर रकबे में वाटर शेड के कार्य चल रहें है। यहां अभी तक लगभग 5 करोड़ रुपये के कार्य किये जा चुके है। वाटरशेड के तहत चयनित गांवों कालाकुण्ड, कुलथाना, राजपुरा, उमठ सहित अन्य गांवों में कार्य किये जा रहें है। इन गांवों के ग्रामीणों को रोजगार से जोडने की पहल भी हो रही है।**

यह जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में दी गई। इसमें महू जनपद क्षेत्र में संचालित वाटरशेड परियोजना के कार्यो की समीक्षा की गई । बैठक मे कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवाए, उपसंचालक उद्यानिकी, सहायक संचालक मत्स्य पालन, उपसंचालक पशु चिकित्सा, सीईओ जनपद पंचायत महू एवं नागरथ चेरिटेबल ट्रस्ट के श्री सुरेश एमजी उपस्थित थे ।



वाटरशेड के जिला तकनिकी विशेषज्ञ श्री जमाल एहमद खान द्वारा जानकारी दी गई कि महू जनपद के कालाकुण्ड, कुलथाना एवं राजपुरा उमठ ग्राम पंचायतों मे 4 हजार 149 हेक्टयर भूमि में वाटरशेड विकास कार्यों के लिये 9.12 करोड़ रुपये लागत से स्वीकृत परियोजना में अब तक 4.97 करोड़ रुपये का व्यय हो चुका है । परियोजना अन्तर्गत लक्षित परिवारों के आजीविका संवर्धन के संबंध में किये गये कार्यों की प्रगति बैठक में प्रस्तुत की गई । परियोजना राशि से महिला समूह के लिये सिलाई सेन्टर कार्य के संबंध में सीईओ श्री जैन द्वारा निर्देशित किया गया। जिला उद्योग केन्द्र के माध्यम से इन महिलाओं को गारमेंट्स निर्माण बाबद् प्रशिक्षण दिलाया जाकर गारमेंट मार्केटिंग के लिंकेज विकसित किये जायेंगे। महू क्षेत्र में आलू चिप्स प्रोसेसिंग कार्य मे अच्छी संभावना है। अधिकारियों की समिति गठित करने के निर्देश दिये गये यह समिति परियोजना क्षेत्र में आलू चिप्स प्रोसेसिंग दिशा में कार्यो की साध्यता परीक्षण कर कार्य योजना प्रस्तावित करेगी ।बताया गया कि परियोजना अन्तर्गत टंटया मामा वाटरशेड फार्मर्स प्रोडयुसर्स कम्पनी पंजीकृत हुई है। जिसमें 235 किसानों ने सदस्यता अंशदान जमा किया है । मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा परियोजना स्टाफ को निर्देशित किया गया कि फार्मर्स प्रोडयुसर्स कम्पनी अन्तर्गत सदस्यता में वृद्धि कर न्यूनतम 300 सदस्य बनाये जाये। आईटीसी कम्पनी एवं डीएसओ संस्था द्वारा उक्त कम्पनी सदस्यों की क्षमतावर्धन एवं प्रशिक्षण के लिये एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश भी दिये गये।

# इंदौर के प्रगतिशील किसान गुजरात पहुंचकर सिखेंगे उन्नत खेती

**इंदौर**। उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत इंदौर जिले के किसानों का दल गुजरात के लिए रवाना हुआ। इस दल को विधायक श्री मधु वर्मा तथा उप संचालक उद्यान श्री डी.एस. चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल 17 मार्च तक गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर उन्नत खेती किसानी को देखेगा। वे अमूल डेयरी की कार्यप्रणाली को भी समझेंगे। इस दल में 53 प्रगतिशील किसान है। जिले के उक्त कृषक गुजरात के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान वेजलपुर (गोधरा), औषधीय एवं सुगंधीय पादप अनुसंधान निदेशालय आणन्द एवं औषधीय फसलों की आधुनिक खेती की जानकारी, अमूल डेयरी का भ्रमण करेंगे। आणन्द कृषि विश्वविद्यालय आदि स्थानों में भ्रमण एवं प्रशिक्षण कराया जायेगा।

# घरेलू, प्रोफेशनल और वरिष्ठ महिलाओं ने किया रेंपवॉक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मां अहिल्या सेवा संस्था द्वारा नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत फाग उत्सव मंगलवार को पंजाब अरोड़वंशीय सभागृह में आयोजित किया गया। इसमें घरेलू कामकाज करने वाली महिलाओं, प्रोफेशनल, दिव्यांग और वरिष्ठ महिलाओं ने रेंपवॉक किया। रेंपवॉक में कन्याओं, युवतियों और वरिष्ठ महिलाओं ने भाग लिया।

मां अहिल्या सेवा संस्था की डायरेक्टर आरती मेहरा ने बताया कि उत्सव नारी सशक्तिकरण की कमलेशरानी अरोरा, मीना काले, संजय अरोरा, शिखा काबरा के आतिथ्य में मनाया गया। इसमें कन्याओं, युवतियों के अलावा 80 वर्ष तक की महिलाओं ने रेंपवॉक की आकर्षक प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। रेंपवॉक में डॉ. रिचिका सचदेव, डॉ. अंजू भार्गव, ज्योतिष नीलू जैन, डॉ. प्रतिभा राउत, ज्योतिषाचार्य पूनम वाजपेयी, डॉ. ज्योति सिंगोड, बिजनेस वूमेन भावना खेमनानी, सरोज उईके, पूजा मलकानी एवं शीतल शर्मा, मेकअप आर्टिस्ट प्रीति जैसवाल, टैरोकार्ड रीडर अर्चना राजवाल आदि ने अपने परिचय के साथ प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में निर्णायक काजल माटा, प्रांजल भदोरिया और काजल दीक्षित थे। अंतरराष्ट्रीय मेकअप आर्टिस्ट दिव्या शर्मा एवं सृष्टि जैन ने श्रृंगारित किया।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत रश्मि बाकीवाला, प्रीति शाह, आसमा मल्होत्रा, उमा झंवर, अंक्षास मेहरा और संजय मेहरा ने किया। सभी विजेताओं को स्मृति चिह्न और सम्मान पत्र मुख्य अतिथि जिलाजज गंगाचरण दुबे और विशेष अतिथि चिंतन बाकीवाला ने प्रदान किए। संचालन सीमा जौहरी ने किया।

# स्वच्छता के शिखर पर महू छावनी, 'सबसे स्वच्छ कैंटोनमेंट बोर्ड' के लिए पुरस्कृत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में मध्यप्रदेश के महू कैंटोनमेंट बोर्ड को 'सबसे स्वच्छ कैंटोनमेंट बोर्ड' के लिए पुरस्कृत किया गया। महू कैंट के इस मुकाम तक पंहुचने की यात्रा पर एक नजर डालें तो 2020 में 62 कैंटों में 7वां स्थान हासिल कर 'सेल्फ सस्टेनेबल कैंटोनमेंट बोर्ड' का खिताब जीता। 2022 में आगे बढ़ते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। साथ ही 'गार्बेज फ्री सिटीज रेटिंग' (जीएफसी) यानी कचरा मुक्त शहरों की श्रेणी में '1 स्टार रेटिंग' और ओपन डेफिकेशन फ्री (ओडीएफ) सर्टिफिकेशन में महू कैंट को ODF++ सिटी घोषित किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रमुख मापदंड डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, स्त्रोत पर कचरे का पृथक्करण, सार्वजनिक क्षेत्रों की स्वच्छता, स्वच्छ जल निकाय एवं शहर की स्वच्छता पर नागरिकों की प्रतिक्रिया पर आधारित था।

शहर के 3-4 एकड़ में फैले ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कई वर्षों से एकत्रित 12 फीट पुराने कचरे के ढेर को कल्टीवेटर की मदद से निस्तारित कर आम नागरिकों के लिए उनके परिजनों की स्मृति में पौधारोपण के लिए स्मृति वन बनाया है। महू छावनी में कचरे को कम करने के ध्येय से सर्वप्रथम डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए प्रत्येक घर व दुकानों से वाहन के माध्यम से एकत्रीकरण का कार्य प्रारंभ किया। इसी कड़ी में कचरे



का स्त्रोत पर ही पृथक्करण के लिए लोगों को जागरुक भी किया। प्रतिदिन कचरे का संग्रहण एवं निष्पादन की गणना पर दृष्टि डालें तो महू छावनी में कुल लगभग 21 टन अपशिष्ट कचरा, लगभग 7.35 टन प्रतिदिन सूखा कचरा और लगभग 12.6 टन प्रतिदिन गीला कचरा संग्रहित एवं निष्पादित किया जाता है। साथ ही लगभग 1.05 टन प्रतिदिन घरेलू एवं सेनेटरी कचरे का संग्रहण एवं निष्पादन किया जाता है। वहीं, दूसरी तरफ कंस्ट्रक्शन एवं डिमोलिशन (सीएंडडी) वेस्ट कलेक्शन सेंटर पर लगभग 0.40 टन प्रतिदिन कचरा निष्पादित होता है। मैटेरियल रीकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) केंद्रों में कचरे को निस्तारित करने की भी व्यवस्था की गई है।

स्वच्छता की दिशा में प्रयास की बात करें तो महू छावनी में एक बेहद खास पहल की भी शुरुआत की गई है।

# रणजीत हनुमान मंदिर में फाग महोत्सव

## →महिलाओं ने गुलाल और फूलों से खेली होली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्रीरणजीत हनुमान मंदिर में भक्तमंडल महिलाओं द्वारा बुधवार को फाग उत्सव मनाया गया। उत्सव में गुरु महाराज पं. दीपेश व्यास मुख्य पुजारी के सान्निध्य में सूखे रंग-गुलाल और फूलों की होली खेलकर फाग मनाया। इसमें सैकड़ों महिला रणजीत भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। महिला मंडल ने राधा-कृष्ण के गीतों की प्रस्तुति दी। एक-दूसरे को रंग-बिरंगे रंग लगाकर खुशी जाहिर की। भजनों पर महिलाएं खूब थिरकी।**



फाग उत्सव में सभी भक्तों ने पुष्पों की पंखुड़ियों, सुगंधित हर्बल गुलाल, अष्टगंध की वर्षा कर उत्सव मनाया। फाग उत्सव में गुरु माता आशा व्यास, किरण व्यास के साथ कृष्णा गोस्वामी, कुमुदिनी डोंगरे, शीला सोनी, लक्ष्मी माहेश्वरी, चंदा जायसवाल, विनिता राठौर, मधु शर्मा, तरुणा वाणी, मंजू जोशी, शकुंतला गीते,अनीता त्रिवेदी, संगीता ठाकुर, रुपाली नीमा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी। फागोत्सव के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

फाग उत्सव कार्यक्रम में हजारों किलो रंग-बिरंगे फूल और गुलाल से मातृशक्तियों ने धूम मचाई। मंदिर परिसर में भजनों पर फूल और गुलाल उड़ाकर पूरा माहौल रंग-बिरंगा खुशनुमा किया।

# भाजपा प्रत्याशी संध्या राय का विरोध

## लोग बोले- आपने कुछ किया हो तो बताओ, जनता भड़ास निकाल रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। भाजपा सांसद और भिंड-दतिया लोकसभा से प्रत्याशी संध्या राय को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा है। मेहगांव पहुंचीं संध्या राय से लोगों ने कहा, 'आपने मेहगांव क्षेत्र के लिए कुछ किया हो तो बताओ, 1 साल में आप कहीं भी आईं हो तो बताओ, जनता भभक (भड़ास) निकाल रही है, बुरा मत मानना।'**



इसका वीडियो सामने आया है। मामला महाशिवरात्रि का है। संध्या मेहगांव के वनखंडेश्वर महादेव पर पूजा - अर्चना करने पहुंची थीं। वहां उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की। वीडियो में लोग कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि लोगों के पास भागीरथ (पूर्व सांसद डॉ. भागीरथ प्रसाद) नहीं गए थे तो वे दोबारा नहीं आ पाए। आपको 5 साल मौका दिया। आपने 5 साल में मेहगांव क्षेत्र के लिए क्या किया? बताइए। यहां के लोगों ने आपका साथ दिया था। आपने लोगों का साथ नहीं दिया है। एक साल के अंदर मेहगांव क्षेत्र में किसी के भी घर आप गई हों, तो बताइए।

लोगों के विरोध को देखते हुए सांसद संध्या राय ने भी अपनी सफाई में बहुत कुछ कहा, लेकिन लोग अपनी नाराजगी दर्ज कराते रहे। साथ ही लोगों ने वनखंडेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए उनसे राशि मांगी। इस पर सांसद ने कहा कि अब तो कुछ नहीं हो सकता। चुनाव के बाद मंदिर के लिए कुछ करेंगे।

कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा के बाद वीडियो आया सामने

यह वीडियो 8 मार्च का बताया जा रहा है। मंगलवार को आई कांग्रेस की पहली सूची में भिंड - दतिया लोकसभा से फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा गया है। इसके बाद सांसद संध्या राय का स्थानीय लोगों द्वारा विरोध दर्ज कराते हुए वीडियो सामने आया है। बता दें, फूल सिंह बरैया का मेहगांव विधानसभा से पुराना नाता है।

## कांग्रेस के 10 कैंडिडेट्स की प्रोफाइल, 8 नए चेहरों को चुनावी मैदान में उतारा

### →अमेठी में राहुल के लिए काम करने वाले मुवेल धार, नौकरशाह रहे खरते खरगोन से लड़ेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें मध्यप्रदेश के 10 कैंडिडेट्स भी शामिल हैं। 8 नए चेहरों को चुनावी मैदान में उतारा गया है तो 3 विधायकों को भी मौका मिला है। 10 में से 3 भिंड, देवास और टीकमगढ़ अनुसूचित जाति जबकि 4 सीट मंडला, खरगोन, धार और बैतूल अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। वहीं, छिंदवाड़ा, सीधी और सतना लोकसभा सीट अनरिजर्व्ड हैं।



2014 लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट पर राहुल गांधी के लिए काम करने वाले राधेश्याम मुवेल को धार से टिकट दिया गया है। उनका नाम केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य ओमकार सिंह मरकाम और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बढ़ाया था। वहीं, सेल टैक्स इंस्पेक्टर रहे पोरलाल खरते को खरगोन से उतारा गया है। मध्यप्रदेश के लिए पहली लिस्ट में एक भी महिला का नाम शामिल नहीं है।

छिंदवाड़ा से नकुलनाथ और भिंड से फूल सिंह बरैया चुनाव लड़ेंगे। 10 में से 8 सीटों पर नए प्रत्याशी उतारे गए हैं। छिंदवाड़ा और बैतूल सीट पर ही कैंडिडेट रिपीट किए गए हैं।

### विजयवर्गीय बोले- नकुलनाथ और कमलनाथ से फर्क नहीं पड़ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर पहुंचे नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा, 'नकुलनाथ चुनाव लड़ें या कमलनाथ, भाजपा को कोई फर्क नहीं पड़ता।' उन्होंने दावा करते हुए कहा, 'देशभर में हम 400 से ज्यादा लोकसभा सीट जीत रहे हैं। मध्यप्रदेश में सभी 29 सीट पर कब्जा होगा।'

मंडला जाते समय जबलपुर के सर्किट हाउस में विजयवर्गीय ने मीडिया से बात की। छिंदवाड़ा से कांग्रेस की ओर से नकुलनाथ को उम्मीदवार बनाए जाने पर उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ऐसे लोगों को टिकट दे रही है, जो करोड़पति हैं। विजयवर्गीय मंडला में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

### सागर विधायक से सीएम बोले-

# लालच मत करो, बहुत हुआ

### मांगों की लिस्ट लेकर पहुंचे थे शैलेंद्र जैन, डॉ. मोहन यादव ने 6 घोषणाएं कीं

सागर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को सागर में मंच से घोषणाएं कर रहे थे, तभी विधायक शैलेंद्र जैन उनके पास मांगों की लिस्ट लेकर पहुंच गए। सीएम उनसे बोले, 'अब लालच मत करो, बहुत हो गया। अब मुझे कुछ नहीं दिख रहा, कुछ नहीं सुन रहा। एक अंगुली पकड़ी, दो पकड़ी, तीन पकड़ी, पूरी ही पकड़ रहे हो। जरा ठहरो तो सही, जल्दी क्यों कर रहे, आखिरी बार थोड़ी आया, बार - बार आता रहूंगा।'

पीटीसी ग्राउंड पर सभा के दौरान मुख्यमंत्री ने सागर जिले के लिए 6 घोषणाएं कीं। ये मांगें स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ही उनके सामने रखी थीं। सीएम ने कहा, 'हरिसिंह गौर जी को आज नहीं तो कल भारत रत्न मिलना चाहिए।'

**सागर जिले के लिए मुख्यमंत्री की घोषणाएं-** सागर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा। इसका नाम आचार्य विद्यासागर महाराज होगा।

राज्य स्तर पर हवाई यातायात शुरू करेंगे। 12 सीटर प्लेन लाए जाएंगे। सागर को भी जोड़ा जाएगा। बड़तूमा में रविदास महाराज के स्थान पर सड़क बनाई जाएगी। इसे रविदास लोक करेंगे। मकरोनिया महाविद्यालय में पीजी क्लास इसी सत्र से शुरू की जाएगी। बंडा महाविद्यालय भी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रूप में जाना जाएगा। केसरी महाविद्यालय में साइंस का कोर्स खोला जाएगा।

**बच्चे की किडनी ट्रांसप्लांट के लिए सरकार देगी मदद-** मंच पर मुख्यमंत्री के सामने एक बच्चे मोहित राजपूत की किडनी ट्रांसप्लांट का मामला रखा गया। उन्हें बताया गया कि 11 लाख रुपए खर्च आएगा। 5 से 6 लाख रुपए का इंतजाम लोगों ने किया है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बाकी पैसे सरकार देगी।

**विश्वविद्यालय का भूमिपूजन-** इससे पहले मुख्यमंत्री ने रानी अवंति बाई लोधी राजकीय विश्वविद्यालय का भूमिपूजन किया। सभा में इसका जिक्र कर मुख्यमंत्री ने कहा, 'हमने 100 दिन से भी कम समय में विश्वविद्यालय दिया।

## सांसद नकुलनाथ की पत्नी प्रियानाथ ने गेहूं काटा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। सांसद नकुलनाथ की पत्नी एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की बहू प्रियानाथ का अनोखा अंदाज देखने को मिला है।**

प्रियानाथ ने पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के चौरई के पास बैतूल में गेहूं की कटाई की। प्रियानाथ ने देखा कि कुछ महिलाएं खेत में गेहूं काट रही हैं तो वो उनसे मिलने के लिए पहुंचीं। उन्होंने अपना काफिला रुकवाया और खेत में जाकर महिलाओं से मिलीं। इस दौरान उन्होंने गेहूं काटा। इसका वीडियो भी सामने आया है। बता दें कि छिंदवाड़ा सीट से नकुलनाथ को कांग्रेस ने एक बार फिर लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया है। नकुलनाथ 600 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं। देश के अमीर सांसदों में शुमार हैं। प्रियानाथ के साथ पांढुर्णा विधायक निलेश उइके, जिला महिला कांग्रेस के अध्यक्ष किरण चौधरी एवं अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे

## दिनदहाड़े पांच लाख की लूट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर दिनदहाड़े बाइक सवार दो युवकों ने एक युवक से पांच लाख रुपए लूट लिए। सूचना के बाद पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पुलिस ने बताया कि दुबे कॉलोनी निवासी सुरेंद्र पिता मान सिंह पन्ना मोड़ स्थित ऑफिस मातेश्वरी लाइम में कर्मचारी हैं। वे फर्म के पांच लाख रुपए निकालने एसबीआई की कचहरी स्थित ब्रांच गए थे। रुपए लेकर सुरेंद्र सिंह वापस लौट रहे थे, तभी लूट की वारदात हुई।

## हरदा ब्लास्ट केस में उपसंचालक औद्योगिक सुरक्षा सस्पेंड

### निरीक्षक बरवा के खिलाफ चार्जशीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा।** पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में श्रम विभाग ने औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रभारी संचालक और उपसंचालक भोपाल एपी सिंह को निलंबित कर दिया है। 6 फरवरी को हुए पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट को लेकर श्रम विभाग की जांच रिपोर्ट विभाग के मंत्री प्रहलाद पटेल ने लौटा दी है। इसके बाद ही यह कार्रवाई की गई है। उपसंचालक भोपाल एपी सिंह को जिम्मेदारी सही तरीके से नहीं निभाने पर निलंबित किया गया है। वहीं, हरदा ब्लास्ट मामले में सस्पेंड निरीक्षक नवीन कुमार बरवा के खिलाफ चार्जशीट पेश कर दी गई है। बरवा के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

## सांसद विवेक शेजवलकर का ट्विटर अकाउंट हैक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** सांसद विवेक शेजवलकर का ट्विटर अकाउंट हैक कर लिया गया है। सउदी अरब के एड्रेस के साथ महिलाओं की तस्वीरें प्रोफाइल और कवर पर लगाईं।

New Delhi

# हिंदू का विरोध, आप रोहिंग्या के खिलाफ क्यों नहीं, केजरीवाल पर बरसे अमित शाह

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से संशोधित नागरिकता कानून को लेकर लगाए गए आरोपों पर देश के गृहमंत्री अमित शाह ने जवाब दिया है। केजरीवाल की ओर से यह कहे जाने पर कि पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यक के भारत में आने से रेप और चोरी की घटनाएं बढ़ेंगी, गृहमंत्री ने आपत्ति जताई और कहा कि उन्हें पता नहीं कि जिन्हें नागरिकता दी जाएगी वे पहले से देश में रह रहे हैं। एएनआई को दिए इंटरव्यू में अमित शाह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अपने भ्रष्टाचार के उजागर होने से अपना आपा खो बैठे हैं। शाह ने पूछा कि दिल्ली के सीएम रोहिंग्या का विरोध क्यों नहीं करते हैं। उन्होंने



केजरीवाल को शरणार्थी परिवारों से मिलने की नसीहत भी दी। एक दिन पहले अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि सीएए की वजह 1947 से भी बड़ा माइग्रेशन होगा और पता नहीं कैसे लोग आएंगे। केजरीवाल ने आशंका जताई कि इन लोगों के आने से देश में चोरी और रेप जैसी घटनाएं बढ़ सकती हैं। शाह ने केजरीवाल के सवाल पर कहा, 'दिल्ली के मुख्यमंत्री अपने भ्रष्टाचार के उजागर होने से अपना आपा खो बैठे हैं। उन्हें मालुम नहीं है कि सारे लोग आ चुके हैं। आज भारत में ही रह रहे हैं। सिर्फ उन्हें अधिकार नहीं मिला है उन्हें अधिकार देने की बात है। 2014 तक जो आ गए उनके नागरिकता देना है। इतनी ही चिंता है तो वो क्यों बांग्लादेशी घुसपैठियों की बात नहीं करते, रोहिंग्या का विरोध क्यों नहीं करते, क्योंकि वो वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं।

P. Bangal

## संदेशखाली-धमखाली में शाहजहां शेख के ठिकानों पर सुबह-सुबह छापे

## केंद्रीय सुरक्षाबलों के साथ पहुंची ED की टीम

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने सुबह-सुबह तृणमूल कांग्रेस (TMC) के पूर्व नेता शाहजहां शेख के ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है. ईडी की टीम के साथ केंद्रीय सुरक्षाबलों के जवान भी हैं. ये छापेमारी संदेशखाली में शाहजहां के ईंट भट्टे के साथ-साथ धमखाली में उसके ठिकाने पर भी की जा रही है.

ईडी के अधिकारी भारी संख्या में केंद्रीय बल के जवानों को अपने साथ लेकर आए हैं. यहां तक कि ईडी अधिकारियों के साथ महिला केंद्रीय बल की टीम भी आई है. छापेमारी के लिए टीमें सुबह करीब 6.30 बजे संदेशखाली पहुंची हैं.

बता दें कि 5 जनवरी को पश्चिम बंगाल राशन घोटाला मामले में अकुंजीपारा स्थित शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी करने पहुंचे ED अधिकारियों पर करीब 200 स्थानीय लोगों ने हमला किया था. इस झड़प के दौरान कई अधिकारी घायल हो गए थे.

बता दें कि ईडी ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल के राशन वितरण घोटाले में करीब 10 हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है. इस मामले में ईडी ने सबसे पहले बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को गिरफ्तार किया था. बाद में टीएमसी नेता शाहजहां शेख और बनगांव नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन शंकर आढ्या की भी संलिप्तता सामने आई थी. इसी सिलसिले में 5 जनवरी को ईडी की टीम जब शाहजहां शेख के आवास पर छापा मारने पहुंची तो वहां कुछ लोगों ने ईडी अधिकारियों पर हमला कर दिया था. हमले के बाद शाहजहां शेख फरार हो गया था, जिसे बाद में गिरफ्तार कर लिया. फिलहाल, वह सीबीआई की हिरासत में है.

Uttarpradesh

## फूल तोड़ने घर से निकली 7 साल की बच्ची से रेप, बाइक सवार युवकों ने लिफ्ट देने के बहाने खेत में ले जाकर किया दुष्कर्म

**बरेली, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बरेली में एक सात साल की बच्ची से रेप की वारदात को अंजाम दिया गया. बच्ची फूल तोड़ने के लिए घर से निकली थी. तभी रास्ते में लिफ्ट देने के बहाने कुछ युवकों ने उसे अगवा कर लिया. पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बच्ची ने आरोपियों को पहचान लिया है. मामला बरेली के नवाबगंज क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां देर शाम कुछ युवकों ने लिफ्ट देने के बहाने बच्ची के साथ रेप किया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए. बच्ची से पूछताछ के आधार पर आरोपी युवकों की पहचान की गई है. फिलहाल, मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है. बताया जा रहा है बच्ची फूल तोड़ने के लिए निकली थी और अपने घर लौट रही थी. तभी कुछ युवकों ने बच्ची को गांव तक छोड़ने के लिए अपनी बाइक पर बिठाया और खेत में ले जाकर उसके साथ रेप किया. इसके बाद युवक बच्ची को छोड़कर वहां से फरार हो गए. बच्ची का इलाज क्षेत्र के अस्पताल में चल रहा है.

Chhattisgarh

## जब गांव की सड़कों पर घूमने लगा विशालकाय मगरमच्छ, ढूंढ रहा था ठिकाना तो इधर-उधर भाग रहे थे लोग

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के पाली स्थित एक गांव में बीते लंबे समय से मगरमच्छ आतंक फैला रहा है। कभी वह गांव की सड़कों पर दौड़ता नजर आता है तो कभी लोगों के घरों में छुपकर बैठ जाता है। इस मगरमच्छ से गांव के लोग तो परेशान हैं। यह कोई पहली बार की घटना नहीं है कि मगरमच्छ गांव की सड़कों पर घूम रहा है। इससे पहले टीम को इसकी खबर मिली, लेकिन जैसे ही टीम गांव में पहुंचती वह गांव से सटे एक तालाब में जाकर छुप जाता है। वही जब वन विभाग की टीम वापस चली जाती तो वह फिर से निकलकर लोगों के घरों में जाकर बैठ जाता है।



बता दें कि गांव में मंगलवार के दिन खुटाघाट जलाशय से पास लोगों ने जब मगरमच्छ को टहलते हुए देखा तो लोग घबरा गए। इस जलाशय में बड़ी संख्या में मगरमच्छ रहते हैं जो खाने की तलाश में भटककर पाली क्षेत्र के गांव की तरफ बढ़ जाते हैं। बीते दिनों ऐसे ही खाने की तलाश में एक मगरमच्छ शिवपुरी गांव के अंदर घुस गया। मगरमच्छ सड़कों पर शान से चलकर लोगों के घर-घर खाने की तलाश करने लगा। जब लोगों ने मगरमच्छ को सड़कों में घूमते हुए देखा तो गांव में हड़कंप मच गया।

खेल

# उलटफेर का शिकार हुए जोकोविच, 123वें नंबर के नार्डी ने हराया

## नोवाक की अंपायर से हुई बहस

**नई दिल्ली, (एजेंसी) इटली के 20 साल के लुका नार्डी ने यहां बीएनपी परिबास ओपन के तीसरे दौर में अपने बचपन के आदर्श और शीर्ष वरीय 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन सर्बिया के नोवाक जोकोविच को 6-4, 3-6, 6-3 से पराजित किया।**

दुनिया के 123वीं रैंकिंग के नार्डी ने नंबर एक जोकोविच को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। जीत के बाद उन्होंने अपना रैकेट फेंक दिया और चेहरे को हाथों से ढाप लिया। बाद में उन्होंने कहा कि यह तो चमत्कार है। मैं सिर्फ बीस साल का हूं और रैंकिंग सौ से ज्यादा है और मैंने नोवाक को हरा दिया।

नार्डी किसी ग्रैंड स्लैम या एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल स्तर पर जोकोविच को हराने वाले सबसे निचली रैंकिंग के खिलाड़ी हैं। इससे पहले 122वें नंबर के केविन एंडरसन ने 2008 में मियामी में हराया था।

नार्डी ने जोकोविच को सोमवार को तीसरे दौर में हराकर चौंका दिया। इस हार के साथ ही जोकोविच की टूर्नामेंट में रिकॉर्ड छठे खिताब



की दावेदारी समाप्त हो गई। 2024 में अभी तक जोकोविच कोई खिताब नहीं जीत पाए हैं। इससे पहले जनवरी में उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन में यानिक सिनर से सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। मैच के दौरान जोकोविच की नार्डी और अंपायर से बहस भी देखने को मिली। इनके बीच शॉट में लग रहे टाइम को लेकर बातचीत हुई। हालांकि, अंपायर ने नार्डी का पक्ष लिया। इस विवाद के बावजूद, जोकोविच इतालवी खिलाड़ी को हराने में कामयाब नहीं हो पाए। नार्डी ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

सिनेमा

## बबीता जी की टप्पू संग सगाई का क्या है सच? मुनमुन दत्ता ने बताया, जेठालाल होंगे खुश!



तारक मेहता का उल्टा चश्मा फेम मुनमुन दत्ता और राज अनदकट की सगाई की चर्चा ने सोशल मीडिया पर कोहराम मचा दिया. हर ओर इसी खबर ने जोर पकड़ ली थी कि दोनों की सगाई हो गई है. मुनमुन और राज की गुपचुप सगाई की चर्चा से हर कोई हैरान था. लेकिन अब मुनमुन ने इस खबर पर चुप्पी तोड़ी है. एक्ट्रेस ने इसे सिरे से खारिज करते हुए फेक बताया है. मुनमुन ने एक इंटरव्यू में बताया कि इस खबर में कोई सच्चाई नहीं है. एक्ट्रेस ने गुस्सा जताते हुए कहा कि ना ही वो इस पर किसी तरह से बात करना चाहती हैं और ना ही अटेंशन देना चाहती हैं. मुनमुन ने कहा- ये बहुत ही ज्यादा घटिया है. इस खबर में एक परसेंट की भी सच्चाई नहीं है. मैं अपनी एनर्जी इस बेकार और फेक खबर पर वेस्ट करने से भी इनकार करती हूं. वहीं, राज की टीम ने खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा- मैं चीजों को क्लियर कर दूं, जो भी आप लोग सोशल मीडिया पर न्यूज पढ़ रहे हैं वो झूठी है, बेसलेस और नॉनसेंस हैं. कुछ घंटे पहले ही खबर आई थी कि राज अनदकट और मुनमुन सेन ने गुजरात के वडोदरा में गुपचुप तरीके से सगाई कर ली है. पहले खबर आई थी कि राज और मुनमुन ने इसी महीने के शुरुआत में एक दूसरे संग सगाई कर चुके हैं. इस सेरेमनी में परिवार के सिर्फ करीबी लोग ही शामिल हुए थे. साथ ही दोनों के ही परिवार ने इस रिश्ते पर खुशी जताई.

# संपादकीय

## लापरवाही कायम

इंसानी गतिविधियों या आबादी वाले क्षेत्रों में अगर बिजली के खंभे आदि लगाए जाते हैं तो क्या इससे संबंधित कोई नियम-कायदा है कि उनका पूरी तरह दुरुस्त और सुरक्षित होना सुनिश्चित किया जाए? तकनीकी खराबी एक अचानक उपजी स्थिति हो सकती है, लेकिन उसे समय पर दुरुस्त करने को लेकर थोड़ी भी कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। ऐसी घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं, जब बिजली का तार हादसे की वजह बनता है। दरअसल हाल ही में उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक बस के बिजली के तार की चपेट में आ जाने से हुए हादसे से एक बार फिर यही साबित हुआ है कि सरकार की ओर से जारी तमाम आश्वासनों के बावजूद बहुस्तरीय लापरवाही कायम है और उसमें कई बार नाहक ही लोग मारे जाते हैं। विवाह के मौके पर बस में अड़तीस यात्री सवार होकर जा रहे थे कि बस के ऊपर उच्च क्षमता का बिजली का तार गिर गया और बस में आग लग गई। किसी तरह लोगों ने जलती बस से निकलने की कोशिश की, मगर पांच लोग जिंदा जल गए। अब सरकार की ओर से मुआवजे की घोषणा की गई है, मगर अफसोस कि कई बार यह लापरवाही की भरपाई लगती है, क्योंकि संबंधित महकमों को जिस वक्त बिजली के खंभों या तारों के रखरखाव की जिम्मेदारी ईमानदारी से पूरी करनी चाहिए, निर्धारित वक्त पर जांच करते रहना चाहिए था, तब कोताही बरती जाती है। गाजीपुर में हुआ हादसा लापरवाही का नतीजा है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जरूरत है। विडंबना यह है कि जब कोई गंभीर हादसा हो जाता है तब आनन-फानन में मुआवजे की बात होने लगती है, मगर उसके लिए जिम्मेदारी तय करने को लेकर उतनी सजगता नहीं देखी जाती। सवाल है कि सड़क के ऊपर उच्च क्षमता का तार अगर गुजर रहा था तो उसे इस कदर असुरक्षित हालत में कैसे छोड़ा गया था कि वह लोगों के लिए जानलेवा बना? कई बार आम लोग भी सावधानी नहीं बरतते। यह सुनिश्चित करना जरूरी नहीं समझा जाता कि खासकर उच्च क्षमता के तार इंसानी आबादी या व्यस्त सड़कों के ऊपर से न गुजरें या फिर खतरे की वजह न बनें।

**अर्ज़ किया है..!**

*तू नहीं तो*
*तिरा ख़याल सही*
*कोई तो*
*हम-ख़याल है मेरा*

*- साक़ी अमरोहवी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**कोई आदर करे तो ये आपकी काबलियत नहीं, बल्कि उसकी उदारता है... लोग बोझिल को नहीं हल्के-फुलके तरल को आदर देते हैं....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# होलाष्टक में क्यों नहीं होते शुभ कार्य

## जानें होलाष्टक से जुड़ी पौराणिक कथाएं



होली से 8 दिन पहले का समय होलाष्टक कहलाता है। इसका आरंभ फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होता है और होली के साथ यानी कि पूर्णिमा को खत्म होता है। पौराणिक और ज्योतिषीय मान्यताओं में ये 8 दिन की अवधि बहुत ही अशुभ मानी जाती है। होलाष्टक के इन 8 दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं किए जाते। शादी, विवाह, मुंडन और ग्रह प्रवेश जैसे शुभ कार्य इन दिनों में बंद कर दिए जाते हैं। आज हम आपको बता रहे हैं होलाष्टक की इन 8 दिनों की अवधि को क्यों मानते हैं अशुभ और इसके पीछे क्या हैं ज्योतिषीय मान्यता है और पौराणिक कथा।

### होलाष्टक कब से कब तक

होलाष्टक 17 मार्च से लग जाएंगे और 24 मार्च को होली जलने के बाद समाप्त होंगे। 24 मार्च की रात में होली जलाई जाएगी और 25 मार्च की सुबह रंगों ही होली यानी कि दुल्हेंडी खेली जाएगी। होलाष्टक होली से 8 दिन पहले की अवधि होती है। जो कि धार्मिक दृष्टि से बहुत ही अशुभ मानी जाती है। इन 8 दिनों में न ही कोई शुभ कार्य किया जाता है और न ही किसी नई वस्तु की खरीद की जाती है।

### होलाष्टक में ग्रह हो जाते हैं उग्र

होलाष्टक को लेकर ज्योतिषीय मान्यताओं में यह बताया गया है कि फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तक 8 ग्रह उग्र अवस्था में रहते हैं। सूर्य, चंद्रमा, शनि, शुक्र, गुरु, बुध, मंगल और राहु ये सभी 8 ग्रह इस दौरान उग्र अवस्था में आकर वातावरण में नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाते हैं। इसलिए इस दौरान कोई भी शुभ कार्य या फिर कोई भी मांगलिक कार्य करने के अशुभ परिणाम सामने आ सकते हैं। इसलिए होलाष्टक की अवधि में कोई भी शुभ कार्य करने को शास्त्रों में वर्जित बताया गया है।

### होलाष्टक पर कामदेव से जुड़ी पौराणिक कथा

होलाष्टक को लेकर पौराणिक मान्यताओं में यह बताया गया है कि फाल्गुन शुक्ल अष्टमी के दिन शिवजी ने कामदेव को भस्म किया था। शिव पुराण में बताई गई कथा के अनुसार, देवी-देवताओं के कहने पर कामदेव ने अपने प्रेम वाण से शिवजी की तपस्या भंग कर दी थी। कामदेव की इस हरकत से शिवजी को बहुत गुस्सा आया और उन्होंने अपने तीसरे नेत्र की अग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया था। उस दिन फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि थी और उन्हें पूर्णिमा तिथि को फिर से जीवित किया गया था। कामदेव के भस्म हो जाने से पूरे संसार में मायूसी छा गई और दुनिया थम सी गई। कामदेव की पत्नी रति के निवेदन करने पर सभी देवी-देवताओं ने मिलकर शिवजी से प्रार्थना की और तब भगवान भोलेनाथ ने कामदेव को फाल्गुन पूर्णिमा पर फिर से जीवित कर दिया। उनके जीवित होने पर पूरी सृष्टि में चारों तरफ खुशियां मनाई गईं और रंग खेलकर होली का त्योहार मनाया गया। अष्टमी पर भस्म हुए कामदेव पूर्णिमा पर फिर से जीवित हो गए। इस वजह से होलाष्टक के आठ दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है।

### होलाष्टक पर भक्त प्रह्लाद से जुड़ी पौराणिक कथा

प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। उसकी भक्ति से नाराज होकर पिता हिरण्यकश्यप ने उसे फाल्गुन पूर्णिमा पर मारने की योजना बनाई। पूर्णिमा तिथि से आठ दिन पहले यानी कि फाल्गुन अष्टमी से राजा हिरण्यकश्यप ने अपने विष्णु भक्त पुत्र प्रह्लाद को काफी यातनाएं दी थी ताकि वह डर जाए और पिता का भक्त बन जाए। लेकिन ऐसा हुआ नहीं और प्रह्लाद विष्णु भगवान की भक्ति में लीन रहा। पूर्णिमा तिथि को यानी कि अष्टमी तिथि के बाद आठवें दिन बुआ होलिका ने अपनी गोदी में भतीजे प्रह्लाद को भस्म करने की कोशिश की थी लेकिन भक्त प्रह्लाद का कुछ नहीं हुआ और होलिका आग में जलकर भस्म हो गई। मान्यता है कि होली के पहले के 8 दिनों में भक्त प्रह्लाद ने जो यातनाएं सही थीं, वे यातनाएं ही होलाष्टक कहलाती हैं। इस वजह से इन 8 दिनों में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं किया जाता।

## Highlights

1. **Citizenship Amendment Act will never be taken back: Amit Shah**
2. **5,000 farmers to hold 'Mahapanchayat' at Ramlila Maidan today**
3. **22-year-old woman killed as 'drunk' driver runs over 15 people at Delhi market**
4. **8 stations to be renamed in Mumbai, Curry Rd to be renamed Lalbaug**
5. **Chirag Paswan's LJP seals LS seat-sharing deal with BJP in Bihar**

# Paytm share price drops 5% ahead of Payments Bank deadline: Will fall continue?

**NEW DEIHI, (Agency).** Paytm share price: Shares of Paytm's parent company One97 Communications Ltd tanked 5 per cent, third lower circuit in as three days. This is the fourth day that the share prices of Paytm have fallen even as it was reported that National Payments Corporation of India was working to certify Paytm’s application to become a third-party payment app. This would allow customers to continue using the Paytm app for payments through unified payment interface (UPI) and would help the company as Paytm Payments Bank ceases operations by March 15.

Economic Times reported that four banks- Axis Bank, YES Bank HDFC Bank and State Bank of India (SBI)- would be supporting Paytm’s



consumer-facing UPI payments, citing unnamed senior bankers in the know.

How much has Paytm stock fallen today?

Paytm stock fell 4.98 per cent to hit a low of ₹334.35 on BSE. It has fallen 17 per cent in the four-day selloff and is down 66.50 per cent from its 52-week high of ₹998.30 hit in October last year.

What Paytm said ahead of March 15 deadline?

A Paytm Spokesperson said, “One 97 Communications and its services, which include the Paytm app, and merchant devices like Paytm QR, Soundbox and Card Machines continue to work uninterrupted. We are expanding our financial services distribution platform in partnership with leading institutions."

“Paytm is committed to creating an inclusive next-generation financial ecosystem for our users across the country,” the company added.

# Smallcap, midcap selloff: Jefferies says it's a healthy correction, not a larger meltdown

**NEW DEIHI, (Agency).** Global brokerage firm Jefferies said that the recent correction in smallcap and midcap stocks is healthy but does not reflect a larger meltdown. The correction came after the Association of Mutual Funds in India (AMFI) issued an advisory to its members, urging to moderate inflows to small and midcap schemes and also focus on rebalancing their portfolios.

Jefferies gives this reason for selloff spree

Jefferies said that Sebi chief's froth warning and ICICI Prudential Mutual Fund move to suspend fresh subscriptions



through lumpsum mode into its small cap fund and midcap fund have resulted in the selloff spree in small and mid-cap stocks.

Sebi chairperson Madhabi Puri Buch gave a froth warning on smallcaps and midcaps, saying, “There are pockets of froth in the market. Some people call it a bubble, some may call it froth. It may not be appropriate to allow that froth to keep building.”

What AMFI notice said on smallcap, midcap stocks

The AMFI notice was issued after Securities and Exchange Board of India flagged concerns about a potential buildup of speculative activity in small and mid-cap segments which have experienced significant inflows. This raised concerns about their resilience in the event of a sharp downturn in the market.

# नकली पुलिस ने ली रिश्वत, असली पुलिस ने पकड़ा

## डरा धमकाकर मांगे थे रुपए, साथी फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तुकोगंज पुलिस ने एक ठग को गिरफ्तार किया है जो ख़ुद को पुलिस अफ़सर बता कर रुपये वसूल रहा था। आरोपित का साथी फ़रार है।**

टीआइ जितेंद्र सिंह के मुताबिक़, पंचम की फेल निवासी संजू पानोला को धमकाया था। आरोपित ने कहा कि तुमने यशिका से झूठ बोल कर शादी की है। संजू को महिला थाना तक के गए और 20 हजार रुपये में तोड़ किया। 10 हज़ार रुपये कैश व ऑनलाइन के लिए।

बुधवार रात बाक़ी रुपये लेने गए तो संजू को शक हो गया। पुलिस ने एक आरोपित संयोग गुप्ता को पकड़ लिया। साथी मनोज परमार फ़रार हो गया। संयोग के पास पुलिस का मोनो लगा हुआ पर्स था। मनोज पिस्टल लेकर आता था।

आरोपियों ने इसके बाद पीडित के परिवार के कई लोगों से अलग-अलग जगह पर रुपए भी लेकर रखे। पीडित को शंका होने पर बाद पुलिस से शिकायत की। इसके बाद आरोपियों को पकडक़र पुलिस को सौंप दिया गया।

संजू ने बताया कि 12 मार्च के दिन बाइक से संयोग ओर मनोज घर पहुंचे। नाम पता पूछने के बाद कहा कि उनकी पत्नी याशिका की मां ने महिला थाने में शिकायत की है। पलासिया थाने पर चलना पड़ेगा। इसके बाद दंपती को लेकर इ-रिक्शा से पलासिया थाने तक आ गए। दोनों ने पलासिया थाने के पास में दंपती को खड़ा किया। याशिका से कहा कि वह घर चली जाए। इधर संजू से कहा कि उसे इस केस से बचना है तो 40 हजार रुपए देना होंगे। संजू ने इतने रुपए नहीं होने की बात कही। आरोपियों ने 3 हजार रुपए अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए।

इसके बाद वह अपनी बाइक से संजू को लेकर देवास नाका पहुंचे। यहां बहन सोनिया से 5 हजार लेकर रख लिए। इसके बाद फिर से पंचम की फेल आए और दूसरी बहन रीना से 3 हजार रुपए ले लिए। फिर दोनों नकली पुलिसकर्मियों ने कहा कि बाकी रुपए का इंतजाम अगले दिन कर देना।

इसके बाद संयोग ने दूसरे दिन पलासिया पर मिलने संजू को बुलाया। यहां वह बहन के साथ पहुंचा। यहां दोनों के बीच लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद वहां भीड़ इकट्ठा हुई दोनों से पूछताछ की तो पता चला कि वह पुलिस के नाम पर धमकाते हैं। उनके पास नकली वॉकी-टॉकी ले रखा था। पर्स भी रखा हुआ था। उस पर भी पुलिस का लोगो लगा हुआ था। जिसे दिखाकर ही वह पीडित को धमका रहे थे। पुलिस इस मामले में मनोज की तलाश कर रही है।

# दुधारु भैसें चोरी कर हाट बाजार में बेचते थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू की कोतवाली पुलिस ने भैंस चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। यह चोर दुधारू भैसों को चुरा कर हाट बजार में बेच दिया करते थे। कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि आरोपी पहले गाय भैंसों के बाड़े में जाकर रैकी करते थे कि कौन सी भैस असली नस्ल की है। इसके बाद एक-दो दिन में रात के समय में जा कर उन्हें चुरा लिया करते थे। मामला ठंडा होने के बाद आरोपी भैंस को महंगे दामों में हाट बाजार में बेच दिया करते थे।

कुछ दिनों पहले पासीपुरा बगीचे से सुरेश यादव की दो भैंस चोरी हुई थी। कोतवाली थाने में इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर आरोपियों तक पहुंची और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के नाम अल्ताफ उर्फ अफताब पिता इस्लाम निवासी खान कॉलोनी महू, अंशुल पिता अशोक सक्सैना निवासी सुपर सिटी कॉलोनी महू गांव है। घटना में चोरी हुई भैंसों को भी जब्त किया गया है, जिनकी कुल कीमत 40 हजार रुपए है। घटना का खुलासा करने में उप निरीक्षक संदीप अखाडिया प्रधान आरक्षक पंकज ओझा आरक्षक प्रकाश मिश्रा की भूमिका रही।

## व्यापारी की कार से बदमाश बैग चुरा ले गए

### स्टेपनी बदलने के दौरान वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रावजी बाजार इलाके में गांव से आए एक किराना व्यापारी का रूपये से भरा बैग बदमाश लेकर फरार हो गए। मामले में पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू की है। रावजी बाजार पुलिस के मुताबिक अजय लड्ढा निवासी गुणावद धार ने बताया कि हाथीपाला कलाली के पास उनकी कार पंचर हो गई। वह कार को साइड में लगाकर स्टेपनी चेंज कर रहे थे। इस दौरान एक बैग पीछे की सीट पर रख दिया। जिसमें 20 हजार,एटीएम कार्ड ओर हिसाब किताब रखा हुआ था। उक्त बैग को स्टेपनी बदलने के दौरान कोई चुराकर ले गया। अजय ने बताया कि वह इंदौर के सियागंज में थोक का किराना सामान का आर्डर लिखाने के साथ ही अन्य सामान लेने आए थे। पुलिस शराब दुकान के पास के सीसीटीवी कैमरो की रिकार्डिंग निकाल रही है। जिसमें एक संदिग्ध युवक बैग ले जाता दिखाई दिया है।

# रास्ते में घायल मिली महिला की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** परदेशीपुरा इलाके में बुधवार देर शाम एक महिला घायल पड़ी मिली। उसे पहले एबुलेंस से निजी असपताल भेजा गया। परिवार नही होने पर महिला को एमवाय भेज दिया गया। यहां रात में पुलिसकर्मियों ने मोबाइल से कॉल कर महिला के परिवार को सूचना दी। परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक घटना यशोदा माता मंदिर के पास की है। यहां तारा पति एलेक्जेंडर निवासी भागीरथपुरा गंभीर घायल अवस्था में पड़ी मिली। परदेशीपुरा पुलिस ने महिला को डीएनएस अस्पताल भेजा। यहां से रात में उन्हें एमवाय भेज दिया गया। तारा को यहां उपचार समय पर नही मिला। जिसमें उसकी मौत हो गई। बेटे लोकेश के मुताबिक रात में मां तारा से बात हुई। उन्होंने बड़ी बहन के घर बाणगंगा जाने का कहां। मां वहां कैसे पहुंची उन्हें जानकारी नही। रात में पुलिसकर्मियों का कॉल आया। उनहोंने बताया कि आपकी मां एमवाय में है। उनकी मौत हो चुकी है। मां के पास मोबाइल मिला था। उसी से पुलिस कर्मियों ने बात की। बेटे लोकेश के मुताबिक उसके पिता की 2011 में मौत हो चुकी है। परिवार दो बहने है। जिसमें से एक उदयपुर रहती है। पुलिस के हादसे के कारणो को लेकर जांच कर रही है।

# मारपीट कर फोड़ी दुकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्वान संभालने की बात पर हुए विवाद में आरोपियों ने फरियादी के साथ मारपीट की और दुकान में तोडफोड़ कर दी। पुलिस ने मनीष पिता मगन डावर निवासी मार्तंड नगर की रिपोर्ट पर छोटू और एक अन्य साथी पर केस दर्ज किया है। विवाद शिव स्क्वेयर एंव अमृत होटल के बीच एबी रोड पर हुआ। आरोपियों ने फरियादी को श्वान संभालने की बात को लेकर गालियां दी और मारपीट कर चोंट पहुंचाई।

# मॉक ड्रिल से समझाया कैसे निपटें आपातकालीन स्थिति से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ ही विभिन्न स्थानों पर आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। इनमें कुछ काफी संवेदनशील स्थान हैं, जहां आग लगने पर भारी नुकसान हो सकता है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है, इसका भी जायजा लिया जा रहा है। इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा बुधवार को को भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड मांगलिया डिपो पर में मॉक ड्रिल की गई। ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा अनिल कुमार मंडराह एवं बीडीडीएस प्रभारी निरीक्षक खालिद मुश्ताक के मार्गदर्शन में टीम ने बीपीसीएल मांगलिया डिपो के स्टाफ को किसी आपातकालीन परिस्थितियों/ लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने पर, किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए, आदि का जीवंत अ यास कराया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा किसी अप्रिय स्थिति में जान-माल की सुरक्षा के संबंध में कर्मचारियों को जरूरी टिप्स के साथ आवश्यक निर्देश भी दिए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक